वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 18 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

'हिंदू आतंकवाद' गढ़ने की नफरत भरी कोशिशें हुईं बेनकाब: अभाविप

मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की आत्मकथा 'लेट मी से इट नाउ' (Let Me Say it Now) के माध्यम से एक बार पुनः भारत विरोधी ताकतों लश्कर-ए-तैयबा तथा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा 26/11 हमले के संदर्भ में 'हिंदू आतंकवाद' की झूठी कहानी गढ़ने की कोशिशों का खुलासा प्रबुद्ध समाज के समक्ष हुआ है। इस तरह के कुत्सित प्रयासों के माध्यम से, निश्चित ही भारत की जनता को आतंकवाद के वास्तविक मुद्दे से भटका कर, धर्म के आधार पर विभाजित करना उद्देश्य था, जो कि पूरी तरह से असफल रहा।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "हिंदू आतंकवाद को गढ़ने में आईएसआई, लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठन व एजेंसी तो थे ही, उसके साथ ही महेश भट्ट तथा दिग्विजय सिंह जैसे लोगों ने भी आतंकवाद को हिंदू धर्म से जोड़ने के असफल प्रयास किए, यह अत्यंत ही पीड़ा दायक था। लेकिन तथ्यों के आधार पर इन कोशिशों के पीछे की मानसिकता उजागर हो गई और ये प्रयास असफल हुए। आज भी जो लोग ऐसे ही ख़तरनाक झूठ गढ़ने के प्रयासों में लगे हुए हैं, उनको देश कभी सफल नहीं होने देगा।

अभाविप छात्रों और युवाओं से यह अपील करती है कि वह "ऐसी विभाजनकारी तथा मानवता विरोधी ताकतों के ख़तरनाक उद्देश्य के प्रति जागरूक रहें, किसी भी घटना के सभी पक्षों से अवगत हों तथा राष्ट्र विरोधी ताकतों के ख़िलाफ़ एकजुट हों।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)